हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 5 जुलाई 2025

04 मुख्यमंत्री ने 2558 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ...



07 बिजली उपभोक्ता बोले-स्मार्ट मीटर नहीं...





### भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के सचिव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## मंदिर के मूलस्वरूप से छेड़छाड़ व दर्शन के परंपरागत मार्ग को बदलने के कार्य को रोकने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में स्थित सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर स्थानीय प्रशासन व मंदिर समिति द्वारा मनमानी पूर्वक मंदिर के मूलस्वरूप से छेड़छाड़ व दर्शन के परंपरागत मार्ग को बदलने के संबंध में भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के सचिव द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उक्त कार्य को रोकने की मांग की गई है।

भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के सचिव शिवम तिवारी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि मां बगलामुखी मंदिर प्रांगण में स्थित अन्य मंदिरों के पुजारियों ने भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट को शिकायत दर्ज करवाई कि नलखेड़ा में स्थित मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है। उक्त मंदिर के साथ ही पूर्व से श्री राधाकृष्ण मंदिर श्री हनुमान मंदिर श्री भैरव मंदिर प्रांगण में स्थित है। जिनके सनातन समय से दर्शनार्थी दर्शन करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में परंपरा से चले आ रहे मार्ग से श्रद्धालुजनों को दर्शन करवाये जा रहे हैं। किंतु अब मंदिर प्रबंधन समिति एवं स्थानीय प्रशासन मनमानी पूर्वक निर्णय ले रहे हैं जिसमें परंपरागत दर्शन मार्ग को बदलने का निर्णय लेकर इसके लिए रेलिंग लगाने का कार्य शुरू करवा दिया गया है।

पत्र में बताया गया कि यदि श्रद्धालु परंपरागत मार्ग के स्थान पर नए मार्ग से आएंगे तो उन्हें कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। वे मां बगलामुखी के अलावा किसी अन्य मंदिर के दर्शन नही कर पाएंगे। जिससे भक्तजन उक्त मनमाने निर्णय का शिकार तो होंगे ही उनकी धार्मिक भावनाएं भी आहत होगी। इसके साथ ही मंदिर के परकोटे की दीवार तोडना मंदिर के मूल स्वरूप को नष्ट व विकृत करना होगा। जिसका जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन व मंदिर समिति होगी। पत्र में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि उक्त संदर्भित विषय को ध्यान में रखकर कार्यवाही करते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पर चल रहे उक्त निर्माण कार्य को रुकवा कर मंदिर के मूल स्वरूप व परंपरागत व्यवस्थाएं बनाये रखे एवं यदि ऐसे कार्य करना हो तो सर्व निर्णय के अनुसार किया जाए।

### भक्त नहीं लगा सकेंगे परिक्रमा

मंदिर समिति द्वारा डोम में रेलिंग लगाकर जिस ओर से दर्शनार्थियों को मंदिर में प्रवेश करवाया जाएगा उस ओर से भक्त मां बगलामुखी के दर्शन उपरांत परिक्रमा नहीं लगा पाएंगे। क्योंकि दर्शन के बाद वे भेरू महाराज के मंदिर की ओर जाएंगे। जबकि हिन्दू धर्म मे परिक्रमा का महत्व धर्मशास्त्रों में भी उल्लेखित है। किसी भी मंदिर में दर्शन उपरांत परिक्रमा लगाने से भक्त को सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे में समिति द्वारा जिस ओर से दर्शन का मार्ग बनाया जा रहा है वह दर्शनार्थियों के लिए उचित नहीं हो सकता है।

## 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 23 छात्र व छात्राओं को मिले लैपटॉप



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार को सुबह 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर से प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लैपटॉप की राशि अंतरित की गई। इस कड़ी में नगर के शासकीय कन्या और चित्र माध्यमिक विद्यालय कानड़ में संयुक्त रूप से नगर के दोनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 75 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली 15 छात्राओं तथा 8 छात्रों कुल 23 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षा योजना अंतर्गत प्रत्येक लैपटॉप हेतु छात्र को 25000 की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी ने की। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर, विधायक प्रतिनिधि दिनेश अंकल,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ओम प्रकाश पालीवाल, पार्षद विजयलक्ष्मी माली, बनेसिंह चौहान, भारत सिंह संगवालिया, विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर,प्रशांत राठौर, राजेंद्र पालीवाल एवं दोनों विद्यालयों का संयुक्त स्टाफ तथा छात्र-छात्र उपस्थित थे।

## मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शनार्थी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन शुक्रवार को मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे। अंतिम दिन माता रानी का आकर्षक पीताम्बरा श्रृंगार किया गया था। मंदिर पर प्रातःकाल से ही दर्शनार्थ भक्तों की कतार लगना प्रारंभ हो गई थी जोकि मंदिर के पट बंद होने तक लगी रही। इस दौरान हजारों भक्तों द्वारा माता रानी के दर्शन किए गए। सिद्धपीठ पर पहुंचे दर्शनार्थियों में से कई भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किया गया।



### दुधाखेड़ी माताजी का हुआ आकर्षक श्रृंगार

आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि में नगर में स्थित मां दुधाखेड़ी मंदिर पर प्रतिदिन माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में भक्त दर्शनार्थ पहुंचे। नगर से लगभग 2 किमी दूर श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने स्थित श्री दुधाखेड़ी माताजी मंदिर पर गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन शुक्रवार को भी माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिनके दर्शन हेतु बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

## सांदीपनि विद्यालय में छात्राओं का किया सम्मान

### लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का देखा लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लैपटॉप राशि अंतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने देखा। इस अवसर पर लैपटॉप प्राप्त छात्राओं का सम्मान भी किया गया।

जानकारी देते हुए परीक्षा प्रभारी मुकेश चौरसिया ने बताया कि लैपटॉप योजना में विद्यालय की कक्षा 12वीं की 19 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर लैपटॉप प्राप्त किया है। लाइव प्रसारण कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पीरूलाल कलसिया पार्षद वंदना जायसवाल विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर अन्य जनप्रतिनिधि व शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर लैपटॉप प्राप्त छात्राओं का उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पहार द्वारा सम्मान कर बधाई दी।

## श्मशान घाट की जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद

**सीहोर**। उलझावन गांव में श्मशान की जमीन को लेकर गोस्वामी और खाती समाज के बीच विवाद हो गया। गुरुवार को इसका वीडियो भी सामने आया है। मामला लगभग 2 एकड़ श्मशान भूमि का है। इसमें से 25 डेसिमल जमीन पर समाधि स्थल है। गोस्वामी समाज का दावा है कि वे पिछले 25-30 सालों से इस जमीन का उपयोग कर रहे हैं। वहीं खाती समाज भी इस जमीन पर अपना अधिकार बता रहा है।

### पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच झड़प

प्रशासन और पुलिस बल द्वारा कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान दोनों समाजों के लोग वहां एकत्रित हो गए। पटवारी और पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच झड़प की स्थिति बनी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। अभी तक ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि विवादित जमीन किस समाज की है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।



### समग्र आईडी व आधार कार्ड से ईकेवाईसी आवश्यक

**सीहोर**। सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और होने वाली धोखाधड़ी तथा असुविधा से बच सकते हैं।

### 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं। कंपनी ने बताया कि इसके लिए ग्रामीणजन नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

## युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे मां के दरबार में





**नलखेड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष वैभव पंवार गुरुवार रात्रि को मां बगलामुखी के दरबार पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर हवन अनुष्ठान भी किया। पंवार के सिद्धपीठ पहुंचने पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया भाजपा नेता पंकज बैरागी, शिवम नागर हेमंत जायसवाल सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

### जैन आराधना भवन में रत्ननिधि म.सा. प्रवचन के दौरान बोलीं...

## धर्म में जिसका मन रमण करता है, देवता भी उसे नमन करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मन की चंचलता जब तक हमारे अंदर है, विकार भाव दूर नहीं होंगे। जिसका मन धर्म में रमण करता है, देवता भी उसे नमन करते हैं। जीवन का गोल्डन पीरियड चातुर्मास का यहां काल (समय) होता है। जिसमें हमें जयणा का पालन करते हुए धर्म आराधना करना चाहिए। जीवन में धर्म के श्रवण से, धर्म को स्थान देने से मन में परमात्मा व जिनवाणी के प्रति श्रद्धा जागृत होगी। जिसने रस इंद्रियों को जीत लिया वहां पांचो इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर अपनी आत्मा का कल्याण कर सकता है।

जैन आराधना भवन में रत्ननिधि म.सा. ने उपस्थित समाजजनों के समक्ष शुक्रवार को अपने प्रवचन के दौरान यहा बात कही। साध्वी ने कहा कि जीवन में मानवता का चोला मिलने के बाद मानवीय गुणो का विकास होना, दया, करुणा, प्रेम की गंगा को प्राणी मात्र के लिए प्रभाहित करना बहुत दुर्लभ है। आज हम किसी की प्रशंसा नहीं सुन सकते, वहीं यदि कोई हमारी प्रशंसा करें तो हम फूले नहीं समाते हैं। साध्वी ने कहा कि परमात्मा की वाणी, 45 आगम के प्रति हमारी श्रद्धा कितनी है इस पर चिंतन करें। जिस दिन उनके प्रति श्रद्धा का दीप जागृत हो गया जीवन में सम्यकत्व की प्राप्ति हो जाएगी। बिना श्रद्धा के सम्यकत्व का प्रादुर्भाव नहीं हो सकता। कोई किसी को सम्यकत्व की प्राप्ति नहीं करवा सकता हमारे परिणाम व शुद्धि परमात्मा के प्रति हमारे भाव ही हमें सम्यकत्व की प्राप्ति करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा के प्रति श्रद्धा, भक्ति, समर्पण, आस्था हमें मोक्ष मार्ग की ओर ले जा सकती है।

साध्वी ने कहा कि धर्म के श्रवण से, धर्म को जीवन में स्थान देने से हमारे मन में श्रद्धा भाव जागृत होंगे। धर्म श्रवण में कितनी ताकत होती है कि भगवान महावीर की वाणी सुनकर गणधर गौतम के जीवन में परिवर्तन हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी आत्मा ने अनादिकाल से भव भ्रमण करते हुए यहां मानव जीवन प्राप्त किया। पल-पल में मन विचलित हो जाता है, विकारों व मन की मलिनता को दूर करने के लिए परमात्मा की पूजा अर्चना, गीता भागवत का पाठ करना चाहिए। मन की चंचलता को रोकने के लिए प्रभु भक्ति का विधान है। मन की चंचलता जब तक हमारे अंदर है विकार भाव दूर नहीं होंगे। जिसका मन धर्म में रमण करता है, देवता भी उसे नमन करते हैं। क्योंकि देवताओं के पास सभी सुख सुविधाएं हैं, लेकिन वहां धर्म अनुष्ठान, त्याग नहीं कर सकते हैं। मनुष्य के पास वह शक्ति है। मनुष्य जैसा चाहे वैसी धर्म आराधना, त्याग तपस्या कर सकता है।

उन्होंने कहा कि धर्म स्थान पर आकर आप जिनवाणी का श्रवण कर अपनी आत्मा को पवित्र बनाते हैं। चातुर्मास इसके लिए सर्वश्रेष्ठ काल होता है। जिनवाणी के श्रवण से अशुभ विचार दूर होकर शुभविचार का संचार आपके अंदर होता है। जीवन में परिवर्तन होता है, जिनवाणी का श्रवण नहीं करते तो जीवन में परिवर्तन नहीं आता। जिनवाणी के प्रभाव से भवसागर से पार हो सकते हैं। इसके लिए हमारे मन में जिनवाणी के प्रति श्रद्धा, समर्पण विश्वास होना चाहिए। जिनवाणी का श्रवण रूटिंग से नहीं रोज करना चाहिए। परमात्मा की भक्ति करते-करते रावण ने भी तीर्थंकर नाम कर्म बंधकर वह आगामी चोबिसी में तीर्थंकर बनेंगे। साध्वी ने कहा कि जीवन का गोल्डन पीरियड है, चातुर्मास काल इसमें हमें जयणा का पालन करते हुए धर्म आराधना करना चाहिए परमात्मा की पूजा करने से हमारे कषाय भाव मंद हो जाते है। परमात्मा की भक्ति कर हमें अहंकार का विसर्जन करना चाहिए। परमात्मा की भक्ति से जुड़कर हम अर्हम की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी भव में इस जीव ने आहार संज्ञा पर विजय प्राप्त नहीं कि केवल मनुष्य जन्म ही ऐसा है जिसमें हम आहार संज्ञा पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

### गुरु की महिमा पर आज होंगे प्रवचन



जैन आराधना भवन हनुमान मंडी पर प्रतिदिन प्रात 9:30 से 10:30 बजे तक साध्वी श्री के प्रवचन चल रहे है। 5 जुलाई को गुरु की महिमा पर विशेष प्रवचन होंगे।

खबर संक्षेप

## नरेंद्र मोदी विचारमंच वीआरके संस्था की 19 वीं साइकिल यात्रा 10 को



**देवास।** नरेन्द्र मोदी विचार मंच वी.आर.के. संस्था के अध्यक्ष दीपक पाटनकर ने बताया कि महाकाल कालोनी स्थित मां वैष्णोदेवी मंदिर पर 4 जुलाई शुक्रवार को एक बैठक मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल म.प्र.शासन सदस्य लोकेश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि देवास से लेकर मां वैष्णोदवी तक निकलने वाली 19 वीं सायकल यात्रा 10 जुलाई को रवाना होगी। यह यात्रा एक माह तक देश के कई राज्यों से भ्रमण करती हुई निकलेगी। इस अवसर पर विजयवर्गीय ने यात्रा के संबंध में यात्रियों से कहा कि बरसात के इस मौसम में सभी एक साथ सतर्कता के साथ यात्रा करें। उज्जैन, आगर, कोटा, मेंहदीपुर बालाजी, भरतपुर, मथुरा, हरिद्वार, कांगड़ादेवी में सायकल यात्रा के रूकने व भोजन की व्यवस्था की गई है।

## मां चामुंडा टेकरी ग्रुप के चुनाव सम्पन्न

**देवास।** नगर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था माँ चामुण्डा टेकरी ग्रुप के चुनाव संवरक्षक कैलाश डागा एवं बाबुलाल मालवीय की उपस्थिति में निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष दिनेश एम भूतडा पप्पी एवं महासचिव सन्तोष दुबे चुने गए। संयोजक संजय हेतावल उपाध्यक्ष शिवाजी माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष अरविन्द महाजन, मीडिया प्रभारी अमित तिवारी, संगठन मन्त्री प्रकाश भूतडा बनाये गये। कार्य समिति में दिनेश बी भुतडा, कमलेश पाठक, भुपेन्द्र चतुर्वेदी, मनीष गुप्ता, सत्यनारायण चावडा, भिमाजी पहाडिया, विजेन्द्र उपाध्याय चुने गये। उक्त जानकारी प्रवक्ता अमित तिवारी ने दी।

### जिलास्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट स्कूल देवास में हुआ आयोजित

# मुख्यमंत्री ने 2558 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के खाते में डाली लैपटॉप के लिए राशि

### 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी को 25-25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप हेतु की अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम से स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी को 25-25 हजार रुपये की राशि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित की। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 94 हजार 234 विद्यार्थियों के खाते लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि अंतरित की। जिसमें देवास जिले के 2558 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप के लिए 06 करोड़ 39 लाख 50 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई।

देवास में जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट स्कूल देवास में आयोजित हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपर कलेक्टर बिहारी सिंह ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतिकात्मक चेक का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। आप सभी इसका उपयोग अपने अच्छे भविष्य के लिए करें। शैक्षणिक सुविधाएं दिनों-दिन बढ़ रहीं है। आप पढ़ने की आदत डाले। आपको जो भी करना है उसके लिए लक्ष्य बनाए। वर्तमान में इंजीनियर, डॉक्टर के अलावा भी बहुत सी फील्ड है, जिसमें आप अपना केरियर बना सकते हो। आज आपकों लैपटॉप क्रय करने के लिए राशि मिली है, इसके लिए सभी को बधाई। जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण के राज्यस्तरीय आयोजन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी एच.एस. भारती, शिक्षा विभाग के अधिकारी उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### लाभान्वित छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत, देखा लाइव कार्यक्रम

**चापडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनावद में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष राजेश गोयल, प्राचार्य नारायण भंडोले उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का लाइव टीवी पर कार्यक्रम सभी बच्चों के समक्ष देखा गया। इस अवसर पर लैपटॉप से लाभान्वित विद्यालय की दो होनहार छात्राओ प्रेरणा जाटव एवं रोशनी ठाकुर को पुष्पमाला पहनकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।



## इंसानियत और मानवता की हिफाजत के लिए इमाम हुसैन की शहादत



**बागली।** शोहदाए कर्बला वालों की शहादत की याद में मनाए जाने वाले दस दिवसीय मोहर्रम पर्व के अवसर पर नूरी अंजुमन इस्लामिया वक्फ कमेटी के द्वारा मेहंदी की रात के अवसर पर नूरी मस्जिद परिसर में बड़े साहब की सवारी से पहले नगर की सौहार्द और सद्भावना की रियासत कालीन परंपरा का निर्वहन करते हुए नगर के सभी वरिष्ठ जनों, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, अधिकारी आदि का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, वरिष्ठ अभिभाषक राजेन्द्र इनाणी, प्रवीण चौधरी,सुर्य प्रकाश गुप्ता,बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेन्द्र पाटीदार,समाज सेवी कल्याण गुप्ता,महेश सोनी, दाखा कारपेंटर, शीला राठौर, व्यापारी संघ के राजेश बजाज , बंशीधर सिसोदिया,किशन गुर्जर, नंद किशोर मोहवाल, मुकेश गोस्वामी,पार्षद पवन राठौर, राहुल राठौर, विपिन शिवहरे,राधेश्याम राठौर, मिण्टू गुर्जर के साथ थाना प्रभारी प्रदीप राय, महिला पुलिस कर्मी साथियों तथा समिति के विशेष सहयोगी पूर्व पार्षद पुरूषोत्तम सिसोदिया, हाजी पिरमोहम्मद शेख, हाजी रफीक खान, जफर भुट्टो का भी विशेष सम्मान नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर फिरोज खान, इकबाल शाह,कादर ख़ान, जहूर शाह, नूरमोहम्मद , अजीज मंसूरी, रईस ठेकेदार, रईस अब्बा, शकील पठान,आरिफ खान, भाई,अशलम भाई ,भुरू भाई,आदि ने सम्मान पट्ट, मोतीयों की माला पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया। संचालन शिक्षक वारिस अली ने किया। सभी उपस्थित जनों ने ईमाम हुसैन की शहादत को संपूर्ण दुनिया में इंसानियत और मानवता के लिए एक बेहतर संदेश बताया तथा सभी से उनके बताये हुए रास्ते पर चलने की अपील की।आभार सदर फिरोज खान ने माना।

# किसान यूनियन ने भूमि अधिग्रहण को लेकर सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

### मांगें न मानने पर दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इंदौर के विकास के लिए हाइवे निर्माण हेतु देवास के किसानों की जमीन अधिग्रहण और जमीन की उचित मुआवजे के संबंध मे इंदौर से देवास की ओर गुजरने वाले हाइवे प्रोजैक्ट में देवास जनपद के गांव नारायणगढ़, कुमारिया, नागौरा एवं पार्वतीपुरा आदि गांवों के किसानों की कृषि भूमि का अधिग्रहण होना है। जिसके मुआवजे को लेकर किसान भाइयों में अत्यधिक रोष व्याप्त हैं। इस समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी मध्यप्रदेश की टीम के जिला अध्यक्ष चेतन जैन प्रदेश अध्यक्ष सपना भरोसिया के नेतृत्व में किसान भाइयों के साथ समस्त किसान संगठन के पदस्थ अधिकारी ने मिलकर किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को अवगत कराया।

भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर करती हैं जमीन न होने पर किसान की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ता हैं किन्तु देश के विकास में किसान सदैव सहयोगी रहा हैं और सदैव बढ़चढकर हिस्सा लेता है। भूमि अधिग्रहण से मिलने वाले न्यूनतम मुआवजा किसानों की स्थिति को देखते हुए बहुत कम है जिसके कारण किसानों ने भयंकर रोष व्याप्त है और किसान अपने परिवार के साथ आत्महत्या करने को विवश है। भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी समस्त भारतवर्ष में कार्यरत संगठन है और किसानों मजदूरों की आवाज उठाने के लिए तत्पर हैं । देवास , इंदौर के किसानों को उचित बाजार के मूल्य के आधार पर मुआवजा दिया जाए जिससे किसानों की स्थिति सुदृढ़ हो और उनके अंदर व्याप्त रोष दूर हो सके।

यदि इंदौर देवास के किसानों को उचित उनकी कृषि भूमि का उचित मुआवजा नहीं दिया जाता हैं तो भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी समस्त मध्य प्रदेश में विरोध करने का कार्य करेगा किसान संगठन हर तरह प्रयास कर रहा है कि किसानों को उनकी भूमि का सही उच्चतम मुआवजा दिया जाए मांगों के साथ मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया है। भारी संख्या में किसान भाई, जिला उपाध्यक्ष विजय चौधरी जिला उपाध्यक्ष हीरामणि शर्मा, शहर अध्यक्ष उज्वला व्यास एवं जिला कोषाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष वंदना भरोसिया इन्दौर जिला महामंत्री डॉ हर्षा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष माधुरी जाधव, जिला उपाध्यक्ष संगीता लोधी, वार्ड अध्यक्ष गंगा बीसे उपस्थित रहे जिला।

# आचार्य श्री का जैन तीर्थ शिवपुर मातमौर पर होगा भव्य चातुर्मास, मुनी संघ का हुआ नगर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



मालव विभूषण पूज्यपाद आचार्य श्रीमद्विजय वीररत्नसूरीश्वर महाराजा के शिष्यरत्न तपोनिष्ठ तपस्वीरत्न आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर महाराज पंन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजय मुनिराज श्रीभावरत्नविजय मुनिराज श्रीशौर्यरत्नविजय तथा साध्वी विजयप्रभा श्रीजी साध्वी भगवान भक्ति रेखा श्रीजी आदि साधु साध्वी का शुक्रवार को श्री शिवपुर महातीर्थ पर सुबह 8:30 बजे तीर्थ द्वारा से श्री त्रिभुवनभानु पार्श्वनाथ जिनमंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ । शासकीय प्राथमिक विद्यालय से हाटपिपलिया, बागली, चापड़ा, डबलचौकी ,करनावद, बोलिया,इन्दोर देवास आदि श्री संघ ने परम पूज्य महाराज साहब की बैंड बाजे के साथ भव्य अगवानी की।

राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रमोद भाया भी सम्मिलित हुए। रास्ते पर भक्तो का जो जोश देखते बन रहा था। सभी नाचते गाते गगन भेदी नारों से महाराज साहब श्री की अगवानी कर रहे थे। तीर्थ द्वार पर ट्रस्ट मंडल द्वारा महाराज साहब की अक्षत गवली की गई। श्री पारसनाथ भगवान के दर्शन के उपरांत प्रवचन हाल में साहब का प्रवेश हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतकार अरविंदभाई चोरडीया के नवकार मंत्र के साथ हुआ तत्पश्चात जैन श्री संघ चापड़ा की महिला मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। ट्रस्ट सचिव विनोद बाबेल ने स्वागत भाषण दिया। विशाल जन समुदाय को पन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजय महाराज साहब ने चातुर्मास का महत्व आदि की व्याख्या की एवं चातुर्मास के अंतर्गत चौमासी एवं तत्पश्चात उपद्यान के कार्यक्रम पर विशेष प्रकाश डाला। आपने कहा कि इस तीर्थ के संस्थापक आचार्य श्रीमद वीररत्नसूरीश्वर महाराज साहब आज हमारे बीच में नहीं है किंतु आगामी 22 जुलाई को उनका द्वितीय पुण्य स्मरण दिवस आयोजित किया जाएगा । प्रवचन सभा में विभिन्न लाभार्थि प्रमोद भाया, रमेश मेहता नरपत सेठ, जीतमल बम कमलचंद बोथरा दिलीपजी बोलिया का जैन ट्रस्ट की ओर से बहुमान किया गया। वर्तमान में शिवपुर मातमोर महातीर्थ में मालव विभूषण आचार्य देव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वर महाराज के द्वारा साधना एवं उपासना के माध्यम से ऊर्जावान किया गया है ऐसी तीर्थ भूमि पर वर्षों के बाद शिष्यरत्न का आध्यात्मिक चातुर्मास होने जा रहा है।

# अतिक्रमण के खिलाफ नगर के युवाओं ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ युवाओं ने अतिक्रमण हटवाने का मन बना लिया। मंगलवार को नगर के रपट पर अतिक्रमण के कारण जाम लग गया था, जाम को खुलवाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसके बाद युवाओं ने एमजी रोड व पूरे नगर में घूम कर अपने ही हाथों से अतिक्रमण हटाया था व बचे हुए अतिक्रमण को लेकर अल्टीमेटम दिया गया था कि आप लोग अपना अपना रोड पर रखा सामान स्वयं ही हटा ले नहीं तो हम युवा मिलकर यह आपके द्वारा किया गया अतिक्रमण हटा देंगे, जिसमें टूट,फूट की जवाबदारी आप दुकानदारो की स्वयं की रहेगी। इसके बाद भी अतिक्रमण रोड पर से नहीं हटाया। जिसके बाद आज नगर के युवा सैकड़ो की तादात में इकट्ठे होकर नगर के टप्पा तहसील कार्यालय में पहुंचे, जहां पर युवाओं द्वारा नायब तहसीलदार नेहा शाह को नगर में हो रहे अतिक्रमण को लेकर एक ज्ञापन सोपा गया। इसके पश्चात नगर परिषद कार्यालय पहुंचे जहां पर नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी को नगर में हो रहे अतिक्रमण हटाने को लेकर ज्ञापन सोपा गया जिस पर सीएमओ सोनी द्वारा कहा गया की हमारे द्वारा अतिक्रमणकर्ताओं को तीन दिन का नोटिस देकर अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा और वह नहीं हटाते हैं तो हमारे द्वारा कार्रवाई की जाएगी व शक्ति के साथ नगर में हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इसके पश्चात भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे को भी युवाओं द्वारा अतिक्रमण व नगर में जगह-जगह रोड पर खड़े वाहनों के चालान बनाने को लेकर भी एक ज्ञापन सोपा गया है। अब नगर में चर्चा है कि नगर में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ युवा लामबंद हो चुके हैं। वहीं युवाओं द्वारा एक चेतावनी भी दी गई है कि अगर जल्द ही यह अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो युवाओं द्वारा जन आंदोलन जिसमें धरना प्रदर्शन व रोड पर चक्का जाम करेंगे, जिसकी जवाबदारी प्रशासन की रहेगी।

**कलेक्टर पहुंचेशंकरगढ़ पहाड़ीः** देवास । कलेक्टर ऋतुराज ने शुक्रवार को शंकरगढ़ पहाड़ी का निरीक्षण किया । उन्होंने कहा कि शंकरगढ़ पहाड़ी ऑक्सीजन का एक अच्छा स्रोत है । हरियाली को बनाए रखने के साथ यहां की सुंदरता को और बढ़ाया जाएगा ।कलेक्टर ने बताया कि इको टूरिज्म पार्क के लिए यह स्थान उपयुक्त है । एनजीटी के आदेशों के अनुसार कार्य किया जाएगा । उन्होंने नगर निगम द्वारा संचालित गौशाला का भी निरीक्षण किया । गौशाला के पास खाली जगह में अतिरिक्त शेड बनाने के निर्देश दिए ।इसके पूर्व कलेक्टर ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय और बाईपास पर बन रहे बस स्टैंड का जायजा लिया । कार्यालय भवन का काम 30 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए । मीटिंग हॉल और बैठक व्यवस्था के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए ।

# विधायक पवार के नेतृत्व में हुआ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का देवास आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय विधायक गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्वागत समारोह में खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। मेरा प्रयास रहेगा कि हर उस कार्यकर्ता को अवसर और सम्मान मिले जो योग्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी में पूर्व प्रदेश अध्यक्षों ने संगठन को मजबूत करने का निरंतर प्रयास किया है, और वे भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। खंडेलवाल ने कहा, मुझे मेरी किसी व्यक्तिगत योग्यता के कारण नहीं, बल्कि एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में इस पद पर नियुक्त किया गया है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी नेतृत्व के मंच पर लाने का कार्य करती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बनाई है और पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस पर गर्व है। कार्यक्रम में विधायक गायत्री राजे पवार के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता हितानंद शर्मा, जीतू जिराती, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सुभाष शर्मा, मदनलाल कहार, ओम जोशी, भरत चौधरी, पूर्व महापौर शरद पाचुनकर, धर्मेन्द्र सिंह बैस, सुरेंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, मनीष सोलंकी, फूलसिंह चावड़ा, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, हरिसिंह नेवरी, उमेश श्रीवास्तव सहित सभी मंडल अध्यक्ष, पार्षद, महिला मोर्चा कार्यकर्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पचास साल पुराने कुएं को मिला जीवनदान, रिचार्ज तकनीक से कुआं होगा लबालब

# अमृत संचय अभियान से पुनर्जीवित हुए कुएं से मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमृत संचय अभियान की कोशिशें अब ज़मीन पर साकार दिख रही हैं। अभियान की टीम की प्रेरणा और तकनीकी सहयोग से लगभग पचास साल पुराने कुएँ का पुनर्जन्म संभव हो सका है। सोनकच्छ के एक स्कूल ने अपने परिसर में स्थित कुएँ को डगवेल रिचार्ज तकनीक से जोड़कर इसे जीवनदान दिया है। इसमें हर बारिश का क़रीब सवा लाख लीटर पानी संग्रहित होकर उपयोग आ सकेगा। साथ ही भूमिगत जल स्तर भी बढ़ेगा।

अमृत संचय अभियान की तकनीकी टीम ने सोनकच्छ के एक निजी स्कूल सेंट एंटोनी'स कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल के पदाधिकारियों को स्कूल की छत और परिसर का वर्षाजल संरक्षण की उपयोगिता और महत्त्व बताया तो वे भी सहर्ष इस जल जन-आंदोलन में शामिल हो गए। उन्होंने अनुकरणीय पहल करते हुए विद्यालय प्रांगण में स्थित ऐतिहासिक कुएँ का सफल पुनरुद्धार किया है। लगभग 40 हजार की लागत से हुए डगवेल रिचार्ज तकनीक में विद्यालय भवन की 12,000 वर्गफीट छत से व्यर्थ बहने वाले वर्षाजल को पाइपलाइन की सहायता से सीधे कुएँ में प्रवाहित किया गया है। इससे पहले कुएँ की गहन सफाई की गई, जिसे अमृत संचय अभियान की तकनीकी टीम के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध रूप से संपन्न किया गया।अभियान से जुड़े मनीष वैद्य, भूजलविद हिमांशु कुमावत, सफिया कुरेशी, कृपाली राणा एवं सुनीता कौशल की प्रेरणादायक पहल पर विद्यालय की ओर से शिक्षक आशीष सोनी ने इस कार्य का बीड़ा उठाया। विद्यालय संचालिकाद्वय सिस्टर लिसी एवं सिस्टर लिली के दूरदर्शी प्रयासों से यह प्रयास जिले में मिसाल बन गया। वर्षाजल को कुएँ में पहुँचाने से न केवल भूजल स्तर में बढ़ोतरी होगी, बल्कि संग्रहित जल का उपयोग विद्यालय परिसर में वृक्षों एवं पौधों की नियमित सिंचाई हेतु भी किया जा सकेगा. जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी से किया गया यह कार्य दृढ़ संकल्प और प्रभावी तकनीक का उदाहरण है, जो अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए रोल मॉडल बन रहा है।जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा ने जिले के सभी निजी और शासकीय विद्यालयों में वर्षाजल संग्रहण तकनीकों के निर्माण के निर्देश दिए हैं. इसके लिए अमृत संचय अभियान की टीम निशुल्क तकनीकी जानकारी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों को आगे बढ़कर दूरदर्शी दृष्टिकोण से भावी पीढ़ी के लिए पानी बचाने के बेहतर काम करना चाहिए और बच्चों को भी इससे अवगत कराने की महती ज़रूरत है। सोनकच्छ की अनुविभागीय अधिकारी प्रियंका मिमरोट ने कुएँ के पुनर्जीवित होने पर ख़ुशी जताते हुए पूरे तहसील क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने पर ज़ोर दिया।



**खबर संक्षेप**

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों से जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात को सुगम बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि वाहनों की ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए हाईवे के टोल नाको के पास स्पीड राडार गन द्वारा वाहनों पर कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही रोड़ निर्माण एजेंसी जिले की सभी सड़कों का सर्वे करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी सड़कों पर संकेतक लगे हों और पुल एवं पुलिया क्षतिग्रस्त स्थिती में न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी जलमग्नीय पुल एवं पुलियों पर वर्षा ऋतु के दौरान बैरिकेडिंग की जाए और संकेतक लगाए जाएं। इसके साथ ही निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीहोर नगर में अतिक्रमण वाले स्थानो पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए ताकि यातायात संचालन में बाधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि नगर मे चल रहे निर्माण कार्यों के बीच में आने वाले बिजली के खंभे शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाये ताकि निर्माण कार्य मे बाधा न हों। इसके साथ ही सभी वाहन चालको के लिए नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए जायें। उन्होंने कहा कि यातायात निमयों के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाए ताकि वे इन नियमों को समझते हुए इनका कढ़ाई से पालन कर सकें।

## स्मार्ट मीटर का भारी विरोध, सड़क पर उतरे ग्रामीणों ने जमकर की नारेबाजी

# बिजली उपभोक्ता बोले-स्मार्ट मीटर नहीं यह चोर मीटर है, चार गुना बढ़ गया बिल

स्मर्ट मीटर का विरोध कर रहे गरीब ग्रामीण उपभोक्ता बोले, मेहनत मजदूरी कर परिवर पाल रहे, पांच हजार से दस हजार का बिजली बिल केसे जमा करे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



सीहोर के अहमदपुर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों के खिलाफ आखिरकार लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। गुरुवार को अहमदपुर के स्थानीय ग्रामीण बिजली उपभोताओ ने सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पैदल रैली निकाल कर अहमदपुर विद्युत कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपते हुए स्मार्ट मीटर लगने के बाद भारी भरकम बिजली के बिलों के विरोध में स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, बही बिजली उपभोक्ताओं ने कहा है कि यह स्मार्ट मीटर नहीं है यह चोर मीटर है इसको निकला जाए जो बिजली बिल हमारे पहले आते थे उसी तरह बिजली बिल जारी किए जाए। गौरतलब है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बीते दो-महीने पहले अहमदपुर में स्मार्ट मीटर लगाए गए स्मार्ट मीटर लगने के बाद से लोगों के घरों में बिजली का बिल तीन से चार गुना बढ़ गया है। स्मार्ट मीटर को लेकर स्थानीय जनता में जबरदस्त आक्रोश है, वही स्मार्ट मीटर के बढ़ते बिलो को लेकर बिजली उपभोक्ता अब सड़कों पर उतरने लगे हैं और स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### भारी भरकम बिल से उपभोक्ता परेशान विद्युत वितरण केंद्र का किया घेराव

अहमदपुर में भारी भरकम बिल से अहमदपुर के उपभोक्ताओं परेशान होकर विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे भारी भरकम बिल के विरोध में प्रदर्शन किया बिजली उपभोताओं ने कहा कि जितना बिल आ रहा हे उतनी हमारी एक महा की मजदूरी भी नहीं हे जब से स्मार्ट मीटर लगाए गए भरी भरकम बिल आ रहे हैं 2000, हजार ,5000, हजार 10000 तक के बिल थमाए जा रहे हे। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर तत्काल निकाले जाए। यह मीटर लाइट बंद होने के बाद भी चलते रहते हे। बिजली विभाग ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों से विद्युत अधिकारी ए ई लखन दुबे ने प्रदर्शनकारियो से कहा है की अधिक राशि लग रही है तो हम मीटर की जांच करवा लेंगे। किंतु उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को हटाने पर अड़े रहे। उपभोक्ता नेकहा की सात दिवस में हमारा निराकरण नहीं किया, तो हम क्षेत्र की जनता के साथ आंदोलन करेंगे। इसकी पूर्ण जवाबदारी बिजली विभाग की होगी।

### स्मार्ट मीटर को लेकर क्या बोले उपभोक्ता

नागरिक हसीन पठान ने बताया कि यह स्मार्ट मीटर नहीं है चोर मीटर है हमारी जेबों पर सीधा डांका डाला जा रहा है और भारी भरकम बिल हमें थमाकर बसूला जा रहा है। उपभोक्त अकरम शाह ने बताया कि मैं मेहनत मजदूरी करता हूं, 5 हजार महीने का बिल आ रहा है 200, 300 की मजदूरी करता हूं बच्चों को पालू या फिर बिल चढ़ाऊ



बताओ आप ही क्या करूं। बिजली उपभोक्ता अकबर हम्माल ने बताया कि मैं विकलांग हूं, मांग कर लाकर खाने वाला हूं, इतना बिल आएगा तो मैं कैसे क्या कर पाऊंगा। एक बार बिल चढ़ाने के बाद भी इतना इतना बिल आ रहा है मैं क्या करूं समझ नहीं आ रहा।

## रेलवे के जिम्मेदारों ने नहीं किए पानी निकासी के इंतजाम, फसल हो रही खराब

**तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर देखे हालात**



**श्यामपुर।** रेलवे अधिकारी और तहसीलदार के बीच हुई बहस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल बैरागढ़ से रामगंज मंडी के लिए जो रेलवे लाइन निकाली जा रही, इस रेलवे लाइन के नजदीकी दर्जनों किसानों के सोयाबीन के खेतों में पहली बरसात में पानी भर जाने के कारण सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं बनाया। जिससे आसपास के कई किसानों के खेत में पानी भरने से बोई हुई फसल नष्ट होने लगी है। किसानों ने अपने खेतो में पानी भर जाने की जानकारी तहसीलदार को बताया था। इसके बाद श्यामपुर तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले तुरंत किसानों के खेतों पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर खराब हुई फसल को लेकर रेलवे विभाग के अधिकारियों से पानी निकासी की बात कही। रेल विभाग अधिकारी विनोद कुमार निगम रेल अधिकारी से किसानों के हित के लिए तहसीलदार ने कहा कि आपने समय के पहले पानी की निकासी क्यों नहीं की। लेकिन रेल अधिकारी निगम के द्वारा कहा गया कि मेरा काम नहीं है। नाली और पानी निकासी का और ना ही पानी निकासी नहीं करवा पाऊंगा। इसको लेकर श्यामपुर तहसीलदार व रेल विभाग अधिकारी दोनों के बीच में काफी देर बहस हुई। श्यामपुर तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि किसानों का नुकसान नहीं होना चाहिए। किसान हमारे देश के अनदाता है और जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था कीजिए ताकि आगे चलकर किसानों को कोई परेशानी नहो। किसानों ने रेलवे विभाग से खराब हुई फसल का हर्जाना देने की मांग की गई है। किसानों ने कहा कि अगर रेल विभाग ने हमारे खेतों में पानी निकासीका कोई निराकरण नहीं किया तो हम सभी किसान सीहोर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की रहेगी।

## नपा अध्यक्ष ने किया बास्केट बॉल और पिकल बॉल कोर्ट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पचामा स्थित ब्ल्यू बर्ड स्कूल ने बुधवार को अपना 25वां स्थापना दिवस मनाया। स्कूल स्टाफ और छात्रों ने धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। छात्रों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और रंगारंग कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही स्कूल संचालक बसंत दासवानी जो लंबे समय से खेलों से जुड़े रहे हैं और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित भी करते आ रहे हैं। उन्होंने शहर के खिलाडियों को पिकल बॉल और बास्केट बॉल कोर्ट की सौगात दी है। जहां नई खेल प्रतिभाएं भी तैयार की जाएंगी। इन दोनों कोर्ट का शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रिंस राठौर ने किया। ब्लयू बर्ड स्कूल ने अपने 25 साल पूरे किए। स्कूल ने अपने इस शानदार सफर को याद करते हुए उत्साह के साथ स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद प्रिंस राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि हम आप में देश का भविष्य देखते हैं। हमारे सपनों के भारत के निर्माण में अपके भविष्य की कल्पना है और मुझे उम्मीद है कि आप हमारे देश, प्रदेश, शहर, स्कूल और हम सब को गौरव के वो क्षण प्रदान करेंगे जब हम कह सकेंगे कि ये अधिकारी या कलाकार या प्रतिभावान छात्र हमारे शहर का है। इस दौरान अपने बचपन को पूरा जीना है क्योंकि बचपन लौटकर नहीं आता और बचपन हमारे पूरे जीवन का सबसे खूबसूरत समय रहता है। तो खूब शरारतें करें और पढ़े। स्कूल के प्रबंधक जयंत दासवानी ने बताया कि हमने पिकल बॉल के दो और बास्केट बाल का एक कोर्ट बनाया है। पिकल बॉल इन दिनों खासा पसंद किया जा रहा है और बास्केट बॉल के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी हम तैयार कर सकें ऐसा सपना है। स्कूल के समय के बाद दोनों की कोर्ट आम लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आनंदिपुरा के स्कूल परिसर में पौधरोपण कर शाला के बच्चों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था पगारिया राम सेक्टर भवरा द्वारा ग्राम आनंदीपुरा में शासकीय माध्यमिक शाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत छायादार, फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही शाला के बच्चों से संवाद किया एवं नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया एवं बच्चों पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी नवांकुर संस्था प्रभारी जीवन मितवाल मेंटर्स मुकेश राठौर, कन्हैयालाल दरिया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, शाला के शिक्षक, कुंवर सिंह कुशवाह, मान सिंह ठाकुर, सुरेश सिंह परमार दिनेश खेलवाल एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे इस अवसर अवलोकन किया प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर पौधारोपण कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी जी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी जन अभियान बनाए अपने जन्म दिन, बुजुर्गो की स्मृति में वैवाहिक बर्षगांठ आदि अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस कार्यक्रम सहभागिता करवाए ।

## निकाली भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

परंपरानुसार अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन आष्टा द्वारा श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा बड़े ही धूमधाम व उत्साहपूर्ण वातावरण में निकाली जाती है। इस वर्ष भी संघ द्वारा गायत्री मंदिर से रथयात्रा प्रारंभ की, जिसका कृषि उपज मंडी के समीप समापन हुआ। महाप्रभु जगन्नाथजी की रथयात्रा का शुभारंभ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, योगेन्द्रसिंह ठाकुर द्वारा भक्तिभाव से पूजा-अर्चना व सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की आरती कर किया गया।

नगर में निकाली गई रथयात्रा में बड़ी संख्या में भगवान जगन्नाथ के श्रद्धालुजन शामिल थे जो हरे रामा हरे कृष्णा का गायन व नृत्य करते हुए नजर आए। रथयात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत सामाजिक संगठनों, राजनैतिक संगठनों द्वारा किया गया। इस पूरे भक्तिमय समारोह को इस्कॉन सेंटर प्रमुख संदीप सोनी गीतांजली, अध्यक्ष नवीन पांचाल, उपाध्यक्ष अनिल भाटी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी, सचिव हरिओम कटारिया, ओमप्रकाश पाटीदार, ऋतिक सोनी, डॉ. ओपी मालवीय, सुनील बुधवंत, प्रचारक सोनू शर्मा, संतोष राठौर, कमलेश माहेश्वरी, बद्री मेवाड़ा, चंद्रेश माथुर, योगेश शर्मा, मोहन कटारिया आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## भागवत कथा के छठे दिन रुक्मणी विवाह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विगत 20 वर्षों से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव अलीपुर जगदीश मंदिर से आनंद धाम बुधवारा स्तिथ मौसी के घर पहुचने का सिलसिला सतत जारी है। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्माधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी आनंद धाम बुधवारा पर भगवान जगन्नाथ जी रथयात्रा के साथ अपनी मौसी के घर आनन्द धाम पधारे हैं। भगवान के पधारने पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजित किया गया है । आज कथा के छठे दिन कथा व्यास पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने कथा के माध्यम से महारास लीला,रुक्मणी हरण,मथुरा गमन, कंस वध आदि कथाओं का विस्तार से वर्णन किया। आनन्द धाम पर भागवत जी 28 जून से 4 जुलाई तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हो रही है। पंडित भवानी शंकर शर्मा ने सभी भागवत प्रेमियों,भक्तगणों से अपील की है कि आप सभी भक्तगण सापरिवार सादर आमंत्रित है। छठे दिन भागवत कथा में संतोष शर्मा (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त), जुगल किशोर मालवीय अध्यक्ष जगदीश मंदिर, जीतमल बागवान, जगदीश पाटीदार, पं. किशोर तिवारी,आनंद शर्मा, अनुराग शर्मा, दीपक सेन, क्षमा शर्मा, गोपाल ताम्रकार,प्रीति कमलेश ताम्रकार, सरकार परिवार, राधेश्याम नायक, राधा महेंद्र शर्मा उमेश ताम्रकार,रमा गजेंद्र शर्मा, शिव श्रीवादी, ज्ञान सिंह ठाकुर, पंडित भवानी शंकर शर्मा, शीला कन्हैया लाल शर्मा बृजेंद्र बाबू शर्मा उमा चंद्रशेखर शर्मा, मुन मुन, गोपाल सोनी, बृजमोहन सोनी, दीपेश गोतम, पं. किशोर तिवारी, रानू मृत्युंजय शर्मा इंदौर, चद्रेश ज्ञानेंद्र मुदगल, हेमराज कुशवाहा, सनातन देव शर्मा, मनीषा मेवाड़ा सहित महिला मंडल व भक्तगणों ने कथा का श्रवण किया।

**कृषि उपज मंडी के कृषक विश्रामगृह में हुई किसान संघ की मासिक बैठक**

# बैठक में किसानों की कई समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय किसान संघ आष्टा की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी के कृषक विश्रामगृह में आयोजित की गई। सर्वप्रथम तहसील अध्यक्ष द्वारा ध्वज लगाकर बैठक की विधिवत शुरुआत की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। वर्तमान में विभिन्न ग्रामों में सोयाबीन की बोनी खराब हो गई तथा आगामी दिनों में खरीफ की फसल में किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं उचित मूल्य पर खाद एवं दवाई की व्यवस्था हो। आदि विषयों पर चर्चा की गई। तथा हमारा आगामी 15 जुलाई का तहसील अभ्यास वर्ग करना है।

उसके बारे में उसकी तैयारी के बारे में चर्चा की गई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव व्यक्त किये। तहसील अभ्यास वर्ग के सफल हो इस हेतु सभी कार्यकर्ताओं ने व्रत लिया। तत्पश्चात समस्याओं पर चर्चा करते हुए मंडी में किसानों को अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ रहा है। फ्लैट कांटे से तूलाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए और किसानों से उनकी कृषि उपज ना पलटाई जाए। इस प्रकार की विसंगतियां मंडी से संबंधित है। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष गजराज सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष जितेंद्र सिंह आर्य, युवा वाहिनी संयोजक सचिन पटेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य मोतीलाल मंडलोई, ज्ञान सिंह मेवाडा, ईश्वरलाल आर्य, तहसील कार्यकारिणी सदस्य विनोद आर्य, मांगीलाल, रमेश चंद्र वर्मा, ज्ञान सिंह डाबड़ी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, ग्राम इकाई अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, श्यामपुर टप्पा बलवान सिंह ठाकुर मोरू खेड़ी, राम सिंह वर्मा कोटरी आदि किसान कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मार्ग पर बार-बार लग रहे जाम को लेकर दुकानदारों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



बुधवार को तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले के नेतृत्व में राजस्व विभाग, पंचायत विभागव, पुलिस विभाग के अमले के साथ सुबह बस स्टैंड पहुंचे। जहां पर आए दिन हो रही आवगमन और रोड जाम की समस्या को लेकर तहसीलदार ने श्यामपुर बस स्टैंड पर रोड किनारे फल सब्जी व्यपारियों के साथ होटल व दुकानदारों को अपनी सीमा में रहने की समझाइश दी। ताकि आगे से इस प्रकार जाम की स्थिति ना बने। जिससे आवगमन में कोई रुकावट ना हो।

इसको लेकर श्यामपुर तहसीलदार ने सभी किराने की दुकान व होटल, फल-फ्रूट, सब्जी, रोड पर अंडे की खुले में दुकान के विक्रेताओं को समझाइए देते हुए बाहर रखे हुए सामान को अंदर रखने को कहा। दुकानों के आगे गंदगी देखते हुए तहसीलदार ने फटकार लगाते हुए कहां कि आप सभी दुकानदार डस्टबिन का उपयोग करें।

होटल वाले मिठाई वगैरह खुले में ना रखें, उन्हें ढक कर रखे। अन्यथा इस प्रकार से आगे से गंदगी व रोड के ऊपर दुकान लगाते हुए पाए जाने पर आपके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। चलाए गए इस अभियान में थाना प्रभारी संध्या मिश्रा, ग्राम पंचायत सरपंच नवीन चौहान, उप निरीक्षक अविनाश मौर्य, श्यामपुर पटवारी अनिल घरड़े, पंचायत सचिव मुकेश पाटीदार आदि स्टॉफ शामिल थे।

## ब्यावरा और सुठालिया की 3 दर्जन से अधिक दुकानों से राशन गायब, जेएसओ के पास जवाब नहीं

# जिला आपूर्ति अधिकारी को पता ही नहीं कई टन गेहूं-चावल दुकानों से हुआ 'मूव'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले को छोड़कर अकेले ब्यावरा और सुठालिया की राषन दुकानों से पिछले 4 महीनों के अंदर कई टन चावल व गेहूं मूव गायब कर दिया गया। जब इसकी जानकारी के लेने के लिए ब्यावरा जेएसओ स्वाती वायकर को फोन लगाया गया तो उन्होने फोन उठाना उचित नहीं समझा शायद इस मामले के प्रकाशित होने की खबर उन तक पहुंच गई थी। इसके बाद जब जिला आपूर्ति अधिकारी से जब इसके बारे में पूछा गया तो वह इसके बारे में अनजान दिखे और ब्यावरा जेएसओं से बात करने की बात कही। इसके बाद भी जेएसओ स्वाती ने अधिकारी की बात भी नहीं मानी और उत्तर नहीं दिया। जिला आपूर्ति अधिकारी से पुनः बात कर मामले को जानना चाहा तो वह ऑफिस में आने का बोलते नजर आए कि यहीं आकर समझ पाएंगे। परंतु राषन मूव होने पर उनका



कोई उत्तर नहीं था इससे समझा जा सकता है कि अधिकारियों की मिली भगत से राषन को मूव कर दिया गया है और अधिकारियों के पास इसका कोई ठोस कारण नहीं है जो मीडिया को बताया जा सके। हरिभूमि की राषन चारों के खिलाफ यह मुहीम लगातार जारी रहेगी। अभी 6 राषन दुकानों की जानकारी प्रकाषित की जा रही है जिसमें सैकडों क्विंटल गेंहू, चावल के साथ साथ नमक, मूंग और चीनी तक गायब कर दिया गया है।

### हमने टीम बनाई है

हमने टीम बनाई है जिसमें राजस्व,सहकारिता और खाद्य विभाग शामिल है परंतु जिन दुकानों से राशन मूव किया गया है वहां पर कभी टीम नहीं पहुंची है ऐसा भी सूत्र बताते हैं।

**अजीत सिंह,** जिला आपूर्ति अधिकारी, राजगढ़

### एसडीएम ब्यावरा को पता ही नहीं की टीम कब बनी

आपूर्ति विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि राजस्व विभाग के अधिकारी एसडीएम ब्यावरा गीतांजली शर्मा को पता ही नहीं कि कब टीम बनी है और उनका इसमें क्या योगदान रहने वाला है। इससे पूरे मामले के घोलमाल को समझा जा सकता है।

### एक नजर 6 राशन दुकानों पर जिनसे गायब हुआ राशन

हरिभूमि की राशन माफिया के खिलाफ यह मुहिम जारी रहेगी और आने वाले दिनों में अन्य दुकानों का भी प्रकाशन किया जावेगा।

| दुकान नं | माह | राशन | मूव गायब |
|---|---|---|---|
| 3204052 | मई | फोर्टीफाइड राइस आईसीडीएस | 639.14 |
| | | साल्ट | 86.34 |
| | | गेंहू | 2077.3 |
| | | फोर्टीफाइड राइस पीडीएस | 1169.00 |
| | | साल्ट पीडीएस | 24.00 |
| | | मूंग | 65.00 |
| | | चीनी पीडीएस | 32.00 |
| | | गेंह पीडीएस | 1864.00 |
| **3204060** | **मई** | **फोर्टीफाइड राइस आईसीडीएस** | **3643.36 किग्रा** |
| | | गेहूं | 12879.99 किग्रा |
| | | गेंहूं ट्रायवल अफेयर्स | 041.00 किग्रा |
| | | फोर्टीफाइड राइस पीडीएस | 9344.00 किग्रा |
| | | मूंग | 295.00 |
| | | गेंहू पीडीएस | 7815.00 |
| **3204062** | **मई** | **फोर्टीफाइड राइस पीडीएस** | **2000.00 किग्रा** |
| | | साल्ट | 400.00 |
| | | मूंग | 40.00 |
| | | गेंहू | 2700.00 |
| **3204063** | **जून** | **फोर्टीफाइड राइस ;एमडीएम** | **314.07 किग्रा** |
| | | गेंहू एमडीएम | 1756 58 |
| | | फोर्टीफाइड राइस ;पीडीएस | 10655 00 |
| | | साल्ट ;पीडीएस | 101.00 |
| | | मूंग ;पीडीएस | 335.00 |
| | | चीनी;पीडीएस | 18.00 |
| | | गेंहू ;पीडीएस | 10416.00 |
| **3204065** | **मई** | **फोर्टीफाइड राइस ;पीडीएस** | **8458 00** |
| | | मूंग ;पीडीएस | 410 00 |
| | | चीनी;पीडीएस | 15 |
| | | गेंहू ;पीडीएस | 6645.00 |
| **3204067** | **जून** | **ग्रेन पीडीएस** | **200.00** |
| | | साल्ट | 810.00 |
| | | चीनी | 42.00 |
| | | गेंहूं | 9771.00 |

## चतुर्भुज नाथ मंदिर का मामला

# मंदिर में हरा झंडा लगाने पर युवकों में विवाद, 4 को भेजा जेल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मोहर्रम का त्योहार नजदीक है एवं मुस्लिमजनों द्वारा ताजियों का निर्माण, सवारियां इत्यादि हेतु स्थान-स्थान पर धर्म से संबंधित हरे झंडे आदि लगवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार रात्रि मुख्यालय के किला क्षेत्र स्थित चतुर्भुज नाथ मंदिर पर हरा झंडा लगा रहे युवक से एक अन्य युवक का विवाद हो गया। इस विवाद की बीच दोनों पक्षों के कुछ और युवक भी आ गए और लड़ाई, मारपीट की नौबत आ गई। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को सम्हाला और आसपास के सीसीटीवी व अन्य कैमरा फुटेज से दोषियों की पहचान कर मामले में क्रॉस प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए चार लोगों को गुरुवार सुबह जेल भेज दिया गया।

### क्या था पूरा मामला

बुधवार रात्रि किला क्षेत्र में अख्तर एवं शीबू नाम के युवक विभिन्न स्थानों पर हरे झंडे लगा रहे थे। इस दौरान वे चतुर्भुज नाथ मंदिर के कोने पर भी हरा झंडा लगाने लगाने लगे तो नन्नू उर्फ पंकज एवं आनंद ने ऐसा करने से मना किया कि मंदिर पर यह झंडा मत लगाओ। इस बात पर दोनों पक्षों में गाली-गलौच, धक्का-मुक्की होने लगी जिसने बाद में मारपीट का रूप ले लिया। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस चारों युवकों को थाने लेकर आई। बाद में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य वीडियो देखने के बाद दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज करते हुए चारों युवकों को जेल भेज दिया। वहीं, गुरुवार सुबह भी एक अन्य युवक को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया।

# यातायात को करते बाधित मेन रोड पर खड़ी कर देते प्राइवेट यात्री बसें

### जाम के साथ-साथ दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता

**छापीहेड़ा।** छापीहेड़ा बस स्टैंड की दुर्दशा बस वालों की मनमानी जगह होने के बावजूद भी प्राइवेट यात्री बस वाले मेंन रोड पर ही गाड़ी खड़ी कर सवारी उतारते चढ़ाते हैं ऐसी स्थिति में र्घटना के साथ-साथ एक्सीडेंट होने की संभावना यथावत बनी रहती है लेकिन उससे भी बड़ी बात तो यह है कि बस स्टैंड पर पुलिस चैकी होने के बावजूद भी उस पर ना तो पुलिस जवान की तैनाती है नाही ऐसी स्थिति में बस स्टैंड पर यातायात को संभालने के लिए कोई पुलिस के जवान की तैनाती है गर समय रहते यात्री बसों को बस स्टैंड के अंदर खड़ी करना प्रारंभ कर सवारी उतरता चढ़ना नियम लागू नहीं होगा तब तक ऐसे ही यातायात बाधित होता रहेगा फिर चाहे 108 एंबुलेंस मरीज को ले जा रही हो या फिर कोई अर्जेंट कार्य के लिए इस रोड से जाना पड़े तो कभी भी अचानक जाम में फंस सकते हैं ऐसी स्थिति में समय रहते रोड किनारे लगे हाथ ठेलो का हटाना भी बहुत अत्यंत जरूरी हो गया है।

## विनय दीक्षित नाम का युवक निस्वार्थ दे रहा है सेवाएं

# स्नेक केचर को नपा में भर्ती करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



शहर निवासी विनय दीक्षित नाम का युवक अर्से से नगर के कईं घरों व अन्य क्षेत्रों से जहरीले जंतुओं जैसे सर्प, गोहरा आदि को पकड़ने में सिद्धहस्त है। विनय उर्फ वीनू द्वारा कईं महीनों से यह कार्य निस्वार्थ रूप से किया जा रहा है। इसी बारिश के सीजन में विनय द्वारा दर्जनों घरों से जहरीले सांपों को पकड़ते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर छोड़कर मानवीय जीवन को बचाने का कार्य किया गया है। गुरुवार को भी वीनू द्वारा नेशनल हाईवे के किनारे स्थित एलएण्डटी कंपनी के दफ्तर से कोबरा सांप को पकड़कर उसे जंगल में छोड़ा गया। खतरे से भरे इस काम के एवज में विनय दीक्षित द्वारा किसी से कोई राशि नहीं ली जाती है। ऐसे में नगर के प्रबुद्धजनों और समाजसेवी युवाओं ने मांग उठाई की विनय दीक्षित को नगर पालिका में मस्टर पर भर्ती किया जाए। जहरीले जंतु नगर के विभिन्न वार्डों, घरों, कॉलोनियों में कभी भी दाखिल हो जाया करते हैं ऐसे में नपा में जिम्मेदार कर्मचारी की नियुक्ति से मानवीय जीवन को बचाने में खासी मदद मिलेगी।

# शांति व सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

### सौहाद्रता के साथ त्योहार मनाने की भी अपील

**राजगढ़।** आगामी दिनों में कईं त्यौहार आने वाले हैं। ऐसे में विभिन्न धार्मिक त्यौहारों एवं सामाजिक आयोजनों में शांति, सौहाद्र एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जिला पुलिस के तत्वावधान में मुख्यालय के प्रमुख मार्गों से फ्लेग मार्च निकाला गया। एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में निकले इस फ्लेग मार्च में कोतवाली थाना स्टाफ सहित विशेष सशस्त्र बल, यातायात पुलिस एवं सायबर सेल टीम सहित महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी रही। कोतवाली परिसर से आरंभ हुआ फ्लेग मार्च मेन मार्केट, धार्मिक एवं सार्वजनिक चैक-चैराहों, भीड़भाड़ वाले एवं संवेदनशील स्थानों से गुजरते हुए पुनः थाने पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस ने आमजनों से संवाद करते हुए आगामी त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने एवं अफवाहों से बचने का अनुरोध किया।

**पुलिस अधीक्षक ने दिया संदेशः** पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने थानाक्षेत्रों में सतत रूप से गश्त, फ्लेग मार्च, शांति समिति की बैठकों एवं आमजनों से संवाद करते हुए सद्भावना पूर्ण वातावरण बनाने हेतु सजग रहें। एसपी तोलानी ने आम जनमानस से अपील की है कि वे शांतिपूर्वक त्यौहार मनाएं एवं पुलिस का सहयोग करें।

# वाहन चेकिंग में पुलिस ने पकड़ी स्मैक, सप्लायर को भी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचैर



मंगलवार रात को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटर सायकल सवारों से डेढ़ लाख रुपए की 15 ग्राम स्मैक जप्त की वही कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आरोपियों की निशानदेही पर स्मैक देने वाले कड़ियां सांसी निवासी शंकर सांसी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात लगभग 10बजे पुलिस बोडा रोड पर मोहनपुरा जोड़ के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी तभी एक बिना नंबर काली स्प्लेंडर मोटर सायकल सावर दो युवक सचिन नायक करौंदी, दिनेश वर्मा करौंदी को रोका ,युवकों पर संदेह होने पर चेकिंग की दो उनके पास से 15 ग्राम स्मैक निकली। जब थाने लाया गया ओर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने स्मैक कड़ियां निवासी शंकर सांसी से खरीदना बताया । पुलिस ने रात में ही घेराबंदी कर कड़िया से शकर सांसी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस शकर से भी पूछताछ कर आगे की चेनल खोजने की कोशिश कर रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी शकुन्तला बामनिया, एस आई राहुल सेंधव , ए एस आई सुरेश जाटव, अक्षय रघुवंशी, अरविंद गोयल, जगदीश मीना, नीलेश पंत की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### प्रयास कर रहे हैं

आरोपियों को पकड़ लिया और आगे की कड़ी भी जोड़ने का प्रयास कर रहे है।

**शकुंतला बामनिया,** थाना प्रभारी

# नपा के स्थाईकर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा सीएमओ को ज्ञापन

### स्थापना शाखा के बाबू व कम्प्यूटर ऑपरेटर पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



शासन के नियमानुसार नगर पालिका में 30 विनियमित कर्मचारियों को काफी पहले स्थाईकर्मी किया गया था। इन सभी स्थाईकर्मियों को हर माह पूर्ण दिनों का ही वेतन प्रदाय किया जाना था लेकिन स्थापना शाखा के बाबू एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा प्रत्येक माह 4-5 दिन का वेतन मनमर्जी से काट दिया जाता है।

उक्त आरोप लगाते हुए मप्र नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले इन स्थाईकर्मियों ने गुरुवार दोपहर सीएमओ पवन अवस्थी से भेंट करते हुए उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि 1 जनवरी 2024 से अगले 10 महीने तक पीएफ की राशि काटी गई जिसकी कोई पावती उन्हें नहीं दी गई। कुछ समय बाद पीएफ काटना बंद कर दिया गया। नगर पालिका द्वारा किसी भी सफाईकर्मी के प्राण नंबर जनरेट नहीं बनाया गया है न ही एनपीएस चालू किया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि स्थापना शाखा से कुछ ऐसे कर्मचारियों का वेतन भी जारी किया जा रहा है जिनका निकाय में बायोमेट्रिक नहीं होता न ही हाजिरी रजिस्टर में हाजरी दर्ज होती है एवं न ही वो कार्यालय में कार्य करते हैं। इसके बावजूद उनका वेतन बिना आपत्ति के निकाला जा रहा है।

### सभी का हो बायोमेट्रिक अन्यथा मशीन हटा दी जाए

*कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि नपा में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी, संविदाकर्मी, नियमित कर्मचारी सहित सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति होनी चाहिए अन्यथा मशीन को हटा दिया जाए। किसी कर्मचारी का वेतन रजिस्टर में उपस्थिति के आधार पर निकाला जा रहा है तो किसी का वेतन बायोमेट्रिक उपस्थिति के अनुसार निकाला जा रहा है। दो प्रक्रियाओं की बजाय एकसमान प्रक्रिया के तहत वेतन आहरित करवाया जाना चाहिए।*

# 'ठेकेदार कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने में असमर्थ, उनके टेंडर निरस्त किए जाएं'

### नपा सीएमओ ने ठेकेदारों के साथ बैठक की आयोजित

**सारंगपुर ।** बुधवार को नगर पालिका परिषद सारंगपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निर्माण कार्यों से जुड़े सभी ठेकेदारों की बैठक आहूत की बैठक में निकाय क्षेत्र अंतर्गत चल रही विभिन्न शासकीय योजनाओं अमृत 2.0, कायाकल्प अभियान, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक निर्माण, मुख्यमंत्री अघोसंरचना विकास योजना एवं सीएम मॉनिट आदि कार्यो की समीक्षा की तथा उपस्थिति ठेकेदार के द्वारा बताई गई समस्याओं का निराकरण हेतु आश्वस्त किया। बैठक के दौरान सुश्री सुनेरे ने ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुश्री सुनेरे ने सभी ठेकेदारों से जनहित में कार्यों को प्राथमिकता से लेने और निर्माण प्रक्रियाओं में



पारदर्शिता बनाए रखने का भी आह्वान किया। बैठक में उन्होंने लोक निर्माण प्रभारी को निर्देश दिए कि जो ठेकेदार कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने में असमर्थ हैं या जिनके कार्यों की गुणवत्ता तय मानकों के तहत नहीं पाई जा रही है ,उनका टेंडर निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही प्रस्तावित की जाये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष की सभी लक्षित परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने एवं जिन परियोजनाओं पर कार्य अंतिम चरण में है उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

## बार एसोसिएशन के चुनाव हुए संपन्न

# मंडलोई अध्यक्ष बने, सक्सेना उपाध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बार एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए। सुबह 11 बजे से मतदान प्रक्रिया की शुरुआत हुई, जो दोपहर 3 बजे तक चली। कुल 176 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 142 ही वैध मतदाता रहे, क्योंकि 34 वकीलों ने अभिभाषक शुल्क समय पर जमा नहीं किया था। इनमें से 138 वकीलों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

मतगणना का कार्य शाम 3:30 बजे से आरंभ हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हुआ। एडव्होकेट पीएस मंडलोई को सर्वाधिक 75 मत प्राप्त हुए और वे विजयी घोषित हुए। उनके प्रतिद्वंदी अनिल दीक्षित को 53, राकेश पांडेय को 6, चंद्रकुमार जैन को 2 और



रघुवीरसिंह राजपूत को शून्य मत प्राप्त हुए। वही उपाध्यक्ष पद पर अमित सक्सेना और धीरज गुर्जर के बीच सीधी टक्कर रही, जिसमें सक्सेना ने 77 मत प्राप्त कर 17 मतों से विजय हासिल की। सचिव पद के लिए राकेश पच्चीसिया ने 79 मतों के साथ जीत दर्ज की, उनके प्रतिद्वंद्वी मुकेश यादव को 58 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर देवेंद्र कोहली को 80 और जितेंद्र मालवीय को 56 मत प्राप्त हुए, एक मत अमान्य रहा। इस तरह कोहली 24 मतों से विजयी रहे। इस बार सहसचिव पद पर मुकेश नागर और लाइब्रेरियन पद पर मलखान सिंह सिसोदिया निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिससे दोनों पदों पर सहजता से निर्वाचन हुआ। चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय ने शंखनाद कर मतदान की शुरुआत की। नवप्रवेशी और वरिष्ठ वकीलों ने मिलकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त किया।

चुनाव प्रक्रिया सेवानिवृत्त हो रहे बार अध्यक्ष ओपी गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुई, जबकि निर्वाचन अधिकारी रामबाबू नारोलिया एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय शर्मा ने अपनी भूमिका कुशलता से निभाई। चुनाव उपरांत निर्वाचन अधिकारी नारोलिया ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। यह चुनाव न केवल पेशेवर नेतृत्व के चयन का अवसर था, बल्कि अधिवक्ता समाज की एकता और लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक भी बना।